हरियाणा में दो सड़क परियोजनाओं और एक ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

9 नवंबर, 2021 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा करनाल में 225 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित दो सड़क परियोजनाओं और कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में 50 लाख रुपए की लागत से बने ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में तेज गति से सड़क और रेलमार्गों पर काम चल रहा है, जिससे जल्द ही हरियाणा इंफ्रास्ट्रक्चर में पहले स्थान पर होगा। इससे देश और प्रदेश ही नहीं, बल्कि परिवारों की आर्थिक स्थिति भी अच्छी होगी।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार ने केंद्र सरकार से 17 राष्ट्रीय राजमार्गों को मंज़ूर करवाया है, जिनकी लंबाई 1 हज़ार 70 किमी. है, इनमें से 11 राजमार्गों पर काम हो गया है तथा शेष पर काम चल रहा है।
- उन्होंने कहा कि पलवल से कुंडली तक ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर एवं एक नेशनल हाइवे पानीपत से डबवाली के लिये मंज़ूरी प्राप्त हो चुकी है तथा जींद-गोहाना-सोनीपत, अंबाला-साहा-शाहाबाद हाईवे के फोर लेन का काम भी चल रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-two-road-projects-and-one-oxygen-plant-in-haryana